# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

## बुधवार, 02 सितम्बर, 2026/11, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 2**

----

### राज्य चयन आयोग

*4192 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राज्य चयन आयोग द्वारा प्रदेश में स्थापित परीक्षा केंद्रों की संख्या कितनी है तथा क्या उप-मण्डल स्तर पर भी परीक्षा केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) आयोग के पास लंबित मांग-पत्रों की संख्या कितनी है, जिनके पदों का विज्ञापन शेष है; पदवार ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि पूर्व कर्मचारी चयन आयोग के कुछ पोस्ट कोड्स की परीक्षाएं आयोजित नहीं हो सकीं; यदि हां, तो कितने अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क लंबित है, कुल राशि कितनी है तथा इसे कब तक लौटाया जाएगा; क्या आवेदन शुल्क में संशोधन का मामला विचाराधीन है; यदि हां, तो नई दरें कब तक लागू होंगी;

(घ) पटवारी के पदों हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितना शुल्क प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें;

(ङ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2025 तक विभिन्न आयोगों/विभागों द्वारा जारी अधिसूचनाएं, आयोजित परीक्षाएं, घोषित परिणाम व नियुक्तियों का आयोगवार ब्यौरा दें;

(च) क्या आयोग द्वारा CBT परीक्षाओं हेतु किसी एजेंसी से एम0ओ0यू0 किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें;

(छ) इस अवधि में मंत्रिमण्डल द्वारा नियमों/अनुबंध आधार पर कुल कितने पद स्वीकृत किए गए तथा इन पदों में से कितने पद किस आयोग/एजेंसी के माध्यम से भरे गए; ब्यौरा आयोग एवं एजेंसीवार दें?

----

## शिलान्यास व उद्घाटन

***4286 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक मुख्य मंत्री द्वारा प्रदेश में कितने नए कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए; ब्यौरा दें ;

(ख ) शिलान्यास किए गए कार्यों की तारीख, प्रस्तावित बजट व व्यय की गई धनराशि का पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ग ) उद्घाटन वाले कार्यों का शुभारम्भ कब किया गया था; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**29 अगस्त, 2026.** **सचिव**